

**इफ्तार**
रविवार
सुन्नी : 6:15
शिया : 6:29

**सहरी**
सोमवार
सुन्नी : 5:10
शिया : 5:03

## पनीर विक्रेता को चाकू मारकर किया घायल

- पैसे के लेनदेन को हुआ विवाद, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** शहर में सिटी कार्ड के निकट पनीर के पैसे लेनदेन को लेकर दो लोगों ने पनीर विक्रेता को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना से मुख्य बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दुकानदार को मेडिकल कालेज भेज दिया।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी मनोज कुमार शहर के मुख्य बाजार सदर बाजार में सिटी कार्ड के निकट पनीर का ठेला लगाकर बेचता है। शनिवार की शाम दो लोग उसकी दुकान पर आए और पनीर खरीदा। पनीर खरीदने के बाद दोनों लोगों का पनीर विक्रेता मनोज से पैसे के लेनेदेन को लेकर विवाद हो गया। एक युवक ने पनीर विक्रेता को चाकू मारकर घायल कर दिया। दोनों आरोपी एक गली से भाग गए। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। लोगों की भीड़ लग गयी। सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पनीर विक्रेता को मेडिकल कालेज भेज दिया। उसके परिवार वालों को सूचना कर दी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### शहर में 250 कैमरे लगाए, शरारती तत्वों पर रहेगी नजर, पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती

# तीन हजार लोग पाबंद, 252 को थमाए रेड कार्ड

**लाट साहब जुलूस**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** होली पर निकलने वाले बड़े लाट साहब और छोटे लाट साहब के जुलूस को शान्ति पूर्ण ढंग से निकालने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

दोनों जुलूस में आरएएफ और पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स रहेगा। पुलिस ने होली पर माहौल खराब करने की आशंका को लेकर 525 लोगों को रेड कार्ड दिए है और तीन हजार लोगों को पाबंद किया है। इस दौरान जुलूस में गड़बड़ी करने वालों को कैद करने के लिए ढाई सौ कैमरे लगाए गए है।

चौक कोतवाली क्षेत्र से बड़े लाट साहब का जुलूस उठकर मुख्य मार्गों से होते हुए सदर बाजार थाना क्षेत्र से होकर, घंटाघर होते हुए समय से सरौदी बंगले पर जाकर समाप्त हो जाता है।

जुलूस में भैसा गाड़ी पर बड़े लाट साहब और दूसरी भैसा गाड़ी पर रंग से भरा ड्रम होता है। लाट साहब की भैसा गाड़ी को चारों तरफ रस्सी से घेरा जाता है। इसी प्रकार रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र से छोटे लाट साहब का जुलूस निकलता है। दोनों जुलूसों में एसपीओ, रेपिड एक्शन फोर्स, पीएसी, पुलिस फोर्स रहता है। दोनों जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला जाता है। पुलिस प्रशासन ने दोनों जुलूसों को लेकर पहले से तैयारी कर ली है। जुलूस के निकलने वाले मार्ग पर करीब ढाई सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। होली पर माहौल खराब करने की आशंका को लेकर पुलिस ने करीब 525 लोगों को रेड कार्ड दिए है और करीब तीन हजार लोगों को पाबंद किया है। ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी। संवेदन शील स्थानों पर बेरीकेटिंग और पुलिस फोर्स की डियूटी लगायी जाएगी। धार्मिक स्थलों को ढक दिया गया है।

बिजली के खंभों पर मोमिया बांधी जा रही है। एसपी राजेश द्धिवेदी ने बताया कि दोनों जुलूसों को लेकर कड़े सुरक्षा के प्रबंध किए गए है। दोनों जुलूसों में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्र में पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। जुलूस में शरारती लोगों पर नजर रखी जाएगी।



लाट साहब का जुलूस (फाइल फोटो)।

### रंग वाले दिन दोपहर तक बंद रहेंगे वाहन

पीस कमेटी की बैठक में लोगों ने मुद्दा रखा कि रंग वाले दिन दो पहिया और चार पहिया वाहन बंद होने चाहिए। क्यों कि दुर्घटनाएं अधिक होती है। पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इस बार रंग वाले दिन दो पहिया और चार पहिया वाहन दोपहर एक बजे तक बंद रहेंगे। यदि कोई वाहन सड़क पर मिला तो सीज कर दिया जाएगा

**न्यूज ब्रीफ**

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कटैया के एक युवक ने शुक्रवार की रात पारिवारिक कलह को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी मोत हो गयी। परिवार वालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को सूचना मिली तो उसके घर पर गई और परिवार वालों से जानकारी की। युवक की मौत पर घर में कोहराम मच गया।

### चार मार्च को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निरीक्षक आबकारी सदर सौरभ यादव ने बताया कि डीएम के आदेश पर होली के पर्व के अवसर पर लोकहित में शान्ति व्यवस्था का कायम रखने की दष्टि से पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 04 मार्च 26 को देशी शराब की दुकान, कम्पोजिट शांप, माडल शाप, अंग्रेजी शराब की दुकान और भांग की दुकानें बंद रहेगी। बंदी को लेकर अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** थाना रोजा पुलिस ने ग्रामसभा मानपुर चचरी जंगल के पास दबिश देकर जुआ खेल रहे चार अभियुक्त दिनेश यादव, मोहम्मद जैन, दिनेश मौर्या और कल्लू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते, माल फड़ के 3,11,500 रुपए तथा जामा तलाशी में 86,800 रुपए सहित कुल 3,98,300 रुपए नकद, चार मोबाइल फोन और 16 मोटरसाइकिल बरामद कीं। पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दिनेश यादव पर हत्या तथा दिनेश मौर्या पर हत्या के प्रयास व जुआ अधिनियम के मामले पहले से दर्ज हैं।

# लाभार्थियों के खातों में पहुंची उज्जवला सब्सिडी

### जिले के 3.62 लाख परिवारों में प्रत्येक को मिले 553.83 रुपये, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

- 1500 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी
- अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** होली पर्व से पहले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरित की गई। लोक भवन सभागार लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से 1500 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शाहजहांपुर के अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में जनप्रतिनिधियों और लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि विनीत कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। योजना के अंतर्गत जिला के 3.62 लाख लाभार्थियों को लाभ मिला तथा प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 553.83 रुपए की सब्सिडी धनराशि भेजी गई। सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीब परिवारों को बिना भेदभाव लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों ने योजना को उपयोगी बताते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चंद्रशेखर मिश्र, आपूर्ति अधिकारी चमन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।



अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में उज्ज्वला योजना कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक सिलेंडर देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

### सभी योजनाएं कल्याणकारी : मिथलेश

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाले परिवारों को त्योहारों के अवसर पर रिफिल सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को रसोई गैस उपयोग में राहत मिल रही है तथा पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों के कल्याण और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण योजना है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से होली और दीपावली पर नि :शुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इससे माताओं और बहनों को भोजन बनाने में सुविधा मिल रही है और योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव लोगों तक पहुंच रहा है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिला के 3 .62 लाख लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है तथा प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 553 .83 रुपए की सब्सिडी भेजी गई है।

### जनप्रतिनिधियों ने लखनऊ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा

प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम लोक भवन लखनऊ से संचालित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण सभी जिलों में किया गया। शाहजहांपुर में अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में बड़ी संख्या में लाभार्थी कार्यक्रम से जुड़े और गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण प्रक्रिया को देखा। इस दौरान लाभार्थियों को योजना की जानकारी भी दी गई।

### फैक्ट फाइल

- योजना– प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
- कुल धनराशि– 1500 करोड़ रुपए
- प्रदेश में लाभार्थी– 1.86 करोड़ परिवार
- शाहजहांपुर में लाभार्थी– 3 .62 लाख परिवार

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से चयन को मिली स्वीकृति

- डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल व असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल पद पर होगी नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की ओर से जनपद न्यायालय शाहजहांपुर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के अंतर्गत डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक पद तथा असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के एक पद पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए थे।

निर्देशों के क्रम में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल प्रणाली के विभिन्न पदों पर पात्र अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जनपद स्तरीय चयन समिति की ओर से डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया था।

साक्षात्कार के बाद चयन समिति की अनुशंसा नियमानुसार अनुमोदन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ को भेजी गई थी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र के माध्यम से माननीय कार्यपालक अध्यक्ष के आदेश दिनांक 09 फरवरी 2026 के अनुसार लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के नाम अनुमोदित किए गए हैं। डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद पर मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र हरिशरण गुप्ता का चयन किया गया है। प्रतीक्षा सूची में नीरज कुमार पाठक पुत्र सत्यप्रकाश पाठक तथा सत्यवीर वर्मा पुत्र वलवन्त को स्थान दिया गया है। असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद पर प्रीति मिश्रा पत्नी विकास मिश्रा का चयन हुआ है, जबकि प्रतीक्षा सूची में अभिषेक शंखधार पुत्र शिवपुजन शंखधार एवं अक्षय यादव पुत्र आमेन्द्र सिंह शामिल हैं।

## प्रेममय जीवन ही बनाता है सार्थक : दाजी

- देश-विदेश से पहुंचे हजारों अभ्यासियों ने किया सामूहिक ध्यान
- पांचवें चरण में ध्यान पंडाल छोटा पड़ने से बाहर बैठे साधक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के पांचवें और अंतिम चरण में आस्था का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल दाजी के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से हजारों अभ्यासी शामिल हुए।

उत्सव का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर श्रद्धा, शांति और साधना के वातावरण से सराबोर रहा। दाजी ने अपने संदेश में कहा कि जीवन को प्रेम के साथ जीना ही उसे सार्थक बनाता है। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता महान विचार सोचने के बजाय कर्म करने की प्रेरणा देती है। ध्यान, प्राणाहुति और हृदय के साथ नियमित जुड़ाव को उन्होंने आध्यात्मिक जीवन का आधार बताया।

सायंकाल आयोजित ध्यान सत्र में भी बड़ी संख्या में अभ्यासी शामिल हुए। पांचवें चरण में इतनी अधिक भीड़ पहुंची कि ध्यान पंडाल छोटा पड़ गया और अनेक साधकों को बाहर बैठकर ध्यान साधना करनी पड़ी। इस दौरान ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने दाजी से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, सुयश सिन्हा, राज गोपाल अग्रवाल, दीपक कुमार, खुशी, नीलम सेठ, मनोहरी, रोशनी, आंचल, आस्था, जिज्ञासु, एसके शर्मा, कृष्णा भारद्वाज, कर्णिका सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।



रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के दौरान सामूहिक ध्यान साधना में शामिल अभ्यासी।

## रंजिशन दंपती को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** खुदागंज क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया।

उसकी पत्नी बचाने आई तो उसे भी चप्पलों से पीटकर घायल कर दिया। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी हरिशंकर शुक्रवार की शाम किसी काम से घर के बाहर निकले। दूसरे पक्ष के लोग उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसकी पत्नी बबीता बचाने के लिए आयी तो उसे भी चप्पलों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की राड से हमला किया था। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ग्राम अलियापुर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य मेला

- मोतियाबिंद के मरीजों का मेडिकल कॉलेज में होगा मुफ्त ऑपरेशन
- शुगर और ब्लड प्रेशर जांच के साथ दवाइयों का वितरण
- स्वास्थ्य कार्ड और नियमित जांच को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी तथा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से शुक्रवार को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम अलियापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 407 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन मरीजों का ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा।

स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों की ब्लड शुगर तथा लगभग 115 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निशुल्क की गई। इसके साथ ही 386 मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मरीजों को एमआरआई, सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए।

स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ की ओर से ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के प्रति जागरूक किया गया तथा परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी गई, जो 200 रुपए में एक वर्ष के लिए मान्य है। कार्ड धारकों को ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाइयों व जांचों पर 20 प्रतिशत छूट, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा रक्त आवश्यकता पर 10 प्रतिशत छूट की सुविधा के बारे में बताया गया। शिविर में मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध मुफ्त भर्ती, पलंग, नर्सिंग केयर एवं चिकित्सकीय परामर्श सहित आईसीयू, वेंटिलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में समाजसेवी सुभाष गंगवार और भानू गंगवार का विशेष सहयोग रहा। शिविर में सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, नाक कान एवं गला रोग विभाग तथा महिला एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ कुश पटेल, डॉ स्वप्निल तिवारी, डॉ कृतिका अग्रवाल, डॉ आकांक्षा, पीआरओ अतुल गंगवार, मोहित थापा तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।



ग्राम अलियापुर में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## पुलिस की बोलेरो से दो बाइक सवार भाई घायल

- आटो को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसी, बोलेरो पर पुलिस लिखा था और अंदर टोपी रखी थी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मदनापुर क्षेत्र में पुलिस की बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी और दुकान में जाकर घुस गयी। इस दौरान सड़क के किनारे खड़ा आटो भी पुलिस की बोलेरो चपेट में आ गया। बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। आरोपी पुलिस की बोलेरो लेकर भाग गए। बोलेरो पर पुलिस लिखा हुआ था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से जानकारी की।

कस्बा मदनापुर की पिंकी ने बताया कि उनके पिता श्रीपाल की मदनापुर क्षेत्र में कांट तिराहे पर परचून की दुकान है। उनके भाई का आटो घर के बाहर खड़ा था। शुक्रवार की शाम जलालाबाद की तरफ से पुलिस लिखी बोलेरो सायरन बजाती हुई काफी तीव्र गति से आयी। इस दौरान अनियंत्रित होकर बोलेरो ने कांट की तरफ से आ रही बाइक को टक्कर मारते हुए आटो को टक्कर मारते हुए परचून की दुकान में जाकर घुस गयी। उसके बाद चालक सायरल बजाता हुआ बोलेरो लेकर भाग गया। बाइक पर सवार मदनापुर क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी 21 वर्षीय अमरेश और उसका भाई 18 वर्षीय आशुतोष घायल हो गए। दुकान का सामान सड़क पर बिखर गया। दुकानदार का काफी नुकसान हो गया। आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर मदनापुर थाना फोर्स के साथ तिराहे पर पहुंचे। पुलिस ने दोनो बाइक सवार घायलों को मदनापुर सीएचसी पर भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो पर पुलिस लिखा हुआ था और चालक की सीट के आगे पुलिस की टोपी रखी हुई थी। दोनों भाई फरीदपुर जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बोलेरो अनियंत्रित होकर राहगीरों को टक्कर मारते हुए भाग गयी। पुलिस बोलेरो की तलाश की और नहीं मिली। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



टक्कर लगने के बाद पलटा ऑटो।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, जीजा-साले घायल

मदनापुर क्षेत्र में शनिवार की दोपहर दो बजे कटरा रोड पर चंदोखा गांव के सामने बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार जीजा–साले घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पर भेज दिया गया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी अरविंद कुमार अपने जीजा आदेश निवासी जूई थाना परौर के साथ शहर आए थे। दोनों लोग दोपहर को बाइक से वापस मदनापुर जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। इस दौरान टक्कर मारने के बाद बोलेरो पलट गयी थी। बोलेरो में सवार चार लोगों के मामूली चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पिता की लाइसेंसी पिस्टल से छात्र को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में दोस्त ने अपने छात्र दोस्त को घर पर बुलाया। वह दोस्त को लेकर इंटर कालेज के पास ले गया। जहां दोनों दोस्तों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से दोस्त छात्र को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल छात्र को बरेली के लिए रेफर कर दिया।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला नादिर शाह निवासी 16 वर्षीय अरहान खां पुत्र नाजिम खां को उसके दोस्त 17 वर्षीय नैतिक जायसवाल निवासी कहरान बजरिया थाना मीरानपुर कटरा ने अपने घर पर शाम को बुलाया। अरहान खां रोज की तरह नैतिक जायववाल को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने घर नादिर शाह में ले गया। अरहान खां ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल ली और गोट में लगा ली। वह अपने दोस्त नैतिक जायसवाल को काकोरी शहीद इंटर कालेज के पास ले गया। जहां दोनों दोस्तों में विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी अरहान खां ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से नैतिक जायसवाल को गोली मार दी। गोली से घायल छात्र भागता हुआ हरि अग्रवाल की दुकान के सामने गिर गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। आरोपी अरहान खां मौका पाकर भाग गया। परिवार वाले पहुंच गए और घायल नैतिक जायसवाल को प्राइवेट अस्पताल में दिखाया। डाक्टर ने रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल को लेकर बरेली चले गए। घायल हाई स्कूल का छात्र है। आरोपी और घायल छात्र एक ही स्कूल में पढ़ते है। सूचना पर तिलहर सीओ ज्योति यादव और कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी की।

> घायल छात्र की हालत खतरे से बाहर है। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते है। किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएगे। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। –**ज्योति यादव** सीओ तिलहर

SRMS
Shri Ram Murti Smarak
Institute of Medical Sciences, Bareilly
Approved by NMC & Ministry of Health & Family Welfare, GOI
A 1200 beds NABH accredited, Super Specialty, Tertiary Care & Trauma Hospital with state-of-art infrastructure & critical care facilities
REQUIRES TECHNICIANS / STAFF
Lab. Technician (5 Posts)
B.Sc./Diploma in MLT with 3 yrs. experience
Optometrist (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Optometry with 10 yrs. exp. in Eye OT
MRI Technician (for Unnao hospital) (1 Post)
B.Sc./BRIT in MRI with 3 yrs. experience at GE MRI machine
Cath Lab Technician (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Cath Lab. / Dip. inCardiology technician with 5 yrs. exp.
Marketing Executive (5 Posts)
MBA Marketing, 5 yrs. experience in hospital / Pharma
Dietician (1 Post)
M.Sc. in Food & Nutrition with 3 yrs. experience
Office Clerk (6 Posts)
Graduate with Computer knowledge & 2 yr. experience
Apply within 07 days.
For details & online application visit:
https://myportal.srms.ac.in/career
OR email : career@srmsims.ac.in
HIGHER START FOR DESERVING CANDIDATES
City Office: N-3, Rampur Garden, Bareilly
Ph. : 0581-2582031-33; Mob.: 9412290127

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : एसएस कॉलेज में स्वदेशी विज्ञान और शोध संस्कृति पर हुआ विशेष विमर्श

## हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के प्रो. विवेक शर्मा बोले- साधारण शोध विचार ही बदल सकता है विज्ञान का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. विवेक शर्मा।

- कहा-बड़ी वैज्ञानिक क्रांति की नींव बन सकता शोध परक विचार
- अन्य वक्ताओं ने भी शोध पर अपने-अपने विचार रखे

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान और शोध की भूमिका पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामान्य सा शोधपरक विचार भी बड़ी वैज्ञानिक क्रांति की नींव बन सकता है।

उन्होंने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थियों के भीतर आधारभूत शोध के माध्यम से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करने की सोच विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का विषय स्वदेशी विज्ञान - संभावनाएं एवं भविष्य का दृष्टिकोण" रखा गया, जिसमें विज्ञान को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए देश के महान वैज्ञानिकों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ विवेक शर्मा ने सर सीवी रमन, डॉ होमी जहांगीर भाभा, प्रफुल्ल चंद्र राय, जगदीश चंद्र बोस, श्रीनिवास रामानुजन, हरगोविंद खुराना, सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, मेघनाथ साहा, बीरबल साहनी तथा सत्येंद्र नाथ बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वतंत्रता के बाद संसाधनों की कमी के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने निरंतर प्रयासों से देश को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों जैसे वायु प्रदूषण, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, कचरा प्रबंधन और ऊर्जा संकट के समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। साथ ही धारणीय नीतियों, स्वच्छ तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को भविष्य की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित अध्ययन अपनाने और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ हर्ष पाराशरी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ संदीप दीक्षित ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ राजनंदन सिंह राजपूत, डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ चंदन गोस्वामी, भानु प्रताप सिंह, डॉ शशांक गुप्ता, मंजीत कुमार, सुधाकर गुप्ता, प्रशांत शर्मा, रजनीश दीक्षित, देवेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने शोध और नवाचार के माध्यम से देश को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक परंपरा से प्रेरणा लेकर शोध कार्यों में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संकट और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक सोच आवश्यक है। नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ तकनीक को अपनाकर ही टिकाऊ विकास संभव है। विद्यार्थियों को समाजोपयोगी शोध की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रो. प्रभात शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रयोगों पर अधिक ध्यान देते हुए सिद्धांतों को समझने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सफल प्रयोगों से ही वैज्ञानिक सिद्धांत विकसित होते हैं। डॉ. आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय के विश्वविद्यालय में उच्चीकृत होने के बाद विज्ञान शिक्षण और शोध गतिविधियों को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चार जुआरी गिरफ्तार, तीन लाख रुपये बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार को शुक्रवार की शाम सूचना मिली कि मानपुर चचरी के जंगल में जुआ हो रहा है। पुलिस ने जंगल में दबिश दी। पुलिस ने चार जुआरियों को मौके से पकड़ लिया। कुछ जुआरी मौका पाकर भाग गए। पकड़े गए जुआरी दिनेश यादव निवासी मुकरमपुर रहीमपुर थाना रोजा, मोहम्मद जैन निवासी लोधीपुर थाना रोजा, दिनेश निवासी रोशनगंज चौक कोतवाली, कल्लू निवासी सिसौरा नासिर थाना रोजा है। पुलिस ने जामा तलाशी और फड़ से 03 लाख 11 हजार 500 रुपये, चार मोबाइल, 16 मोटर साइकिलें तथा ताश की गड्डी बरामद की है। अभियुक्तों पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने जुआरियों का चालान कर दिया।

### कालोनी के नाम पर प्रधान पुत्र ने रुपये हड़पे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव अखितयारपुर निवासी कुलदीप ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह जाति का जाटव है। उसकी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रामदेव के पुत्र मृदुल शुक्ला ने उससे 09 माह पूर्व शाम पांच बजे कॉलोनी दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपये लिए थे। आरोप है कि आज तक आरोपी ने कॉलोनी नहीं दिलाई और न रुपये वापस किए है। 22 फरवरी की शाम पांच बजे कुलदीप अपने खेत से घर आ रहा था। उसकी आरोपी मृदुल से मुलाकात हुई। उन्होंने आरोपी से कहा कि न ही कालोनी मिली और न ही रुपये वापस किए। आरोपी ने उससे कहा कि 15 हजार रुपये और दो, तब कालोनी मिलेगी। उसने अपनी जेब से निकालकर आरोपी को दो हजार रुपये देते हुए कहा कि इतने में ही कालोनी दे दो या रुपये वापस कर दो। आरोप है कि आरोपी ने उसे मारा पीटा और जमीन पर गिरा दिया। आरोपी ने जातिसूचक शब्द कहते हुए कहा कि न कालोनी मिलेगी और न ही रुपये वापस होगे। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी मृदुल शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### संदिग्ध हालात में वैगन आर कार बरामद

**तिलहर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना के बाद भाग रही पीलीभीत नंबर की वैगन आर कार का पीआरबी पुलिस वैन ने पीछा किया। इस दौरान कार गांव शिवदासपुर के कच्चे रास्ते पर पहुंचकर फंस गई। खुद को घिरा देख कार सवार तीन लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। हलका इंचार्ज गौरव शर्मा ने बताया कि बरामद कार की तलाशी ली गई, लेकिन उसमें कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर ने बताया कि कार कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# होली से पहले वेतन न मिलने पर कर्मचारियों का प्रदर्शन



वेतन न मिलने से नाराज लोक निर्माण विभाग कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अधिशासी अभियंता ने तत्काल खामियां दूर करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** होली से पूर्व वेतन न मिलने से नाराज लोक निर्माण विभाग के लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने शनिवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय प्रांतीय खंड के बाहर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों का कहना था कि शासन की ओर से 28 फरवरी तक वेतन दिए जाने के निर्देश थे, लेकिन होली नजदीक होने के बावजूद वेतन खातों में नहीं पहुंचा। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई। नाराज कर्मचारी अपने कार्यस्थल छोड़कर कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए और प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे और कर्मचारियों की समस्या सुनी। कर्मचारियों ने वेतन न मिलने की जानकारी दी, जिस पर प्रशासनिक अधिकारी से कारण पूछा गया। तकनीकी समस्या बताए जाने पर अधिशासी अभियंता ने तत्काल खामियां दूर कर सभी कर्मचारियों का वेतन भेजने के निर्देश दिए। आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण में गड़बड़ी पर आक्रोश

संवाददाता, खुटार



गांव राठ में आंगनबाड़ी भवन निर्माण में अनियमितताओं पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

- घटिया सामग्री और धंसती दीवारों को लेकर जांच की मांग तेज

**अमृत विचारः** खुटार क्षेत्र के गांव राठ में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर गुणवत्ता की जांच कराने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

ग्रामीणों के अनुसार गांव राठ में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण स्वीकृत होने के बाद ग्राम प्रधान और सचिव की देखरेख में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार की ओर से मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण में पीली ईंट लगाए जाने की भी शिकायत ग्रामीणों ने की है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अभी भवन की केवल बुनियाद का कार्य ही पूरा हुआ है, लेकिन इसी दौरान दीवारें नीचे धंसने लगी हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि इसी प्रकार निर्माण जारी रहा तो भवन के जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी रहेगी। लोगों ने मामले की जांच कराकर निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में राजेश्वरी देवी, नीतू देवी, ममता, ईश्वरवती, संतोष कुमार, रामबहादुर, दाताराम, रामनरेश, राजपाल, श्रीकृष्ण, खूबलाल, टीकाराम, रविंद्र कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण की शुरुआत से ही गुणवत्ता को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। बुनियाद तैयार होने के दौरान ही दीवारों में धसाव दिखाई देने लगा, जिससे लोगों में भवन की मजबूती को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते जांच नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य ग्राम प्रधान और सचिव की देखरेख में कराया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर जांच करने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री से दोबारा निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# मृदा उर्वरता और फसल का उत्पादन बढ़ाने पर कृषि वैज्ञानिकों ने दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृषि विज्ञान केंद्र में किणवित जैविक खाद पर प्रशिक्षण
- सात विकास खंडों के 25 किसानों ने लिया प्रशिक्षण

**अमृत विचारः** कृषि विज्ञान केंद्र में किणवित जैविक खाद एफओएम पर दो दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ एनसी त्रिपाठी की ओर से किया गया।

एफओएम के नोडल एवं उद्यान वैज्ञानिक महेश कुमार ने किणवित जैविक खाद की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह मृदा संवर्धक और उर्वरक के रूप में कार्य करता है। इसके प्रयोग से मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे उर्वरता एवं जल धारण क्षमता में सुधार होता है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। इससे पौधों को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश जैसे पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध होते हैं तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है।

डॉ एनसी त्रिपाठी ने केंद्र पर संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बसंतकालीन गन्ने की फसल में बुवाई से 10 से 15 दिन पहले एफओएम का प्रयोग 5 से 6 टन प्रति हेक्टेयर की दर से करना चाहिए। रोपण के 90 दिन बाद पुनः 5 टन प्रति हेक्टेयर की दर से एफओएम डालकर मिट्टी चढ़ाने का कार्य करना लाभकारी रहता है। प्रसार वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र प्रसाद ने एफओएम तैयार करने की विधि बताते हुए कहा कि कंटेनर में प्रेसमड, पशु गोबर, फसल अवशेष, कृषि अपशिष्ट, सूक्ष्म जीव बेस्ट डीकंपोजर या गुड़ का घोल तथा पानी मिलाकर कुछ दिनों तक विघटन के लिए छोड़ दिया जाता है। सामग्री पूरी तरह सड़ने के बाद इसका उपयोग किया जाता है। इंजीनियर गौरव शर्मा ने एफओएम प्रयोग से पहले और बाद में मिट्टी की जांच के महत्व की जानकारी दी। डॉ हादी हुसैन खान ने विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग प्रबंधन पर प्रकाश डाला। डॉ विमल कुमार सिंह ने फसलों में कीट एवं रोग प्रतिरोध तथा संचार माध्यमों की जानकारी दी। गृह वैज्ञानिक डॉ कु विद्या गुप्ता ने एफओएम से उत्पादित सब्जियों के मूल्यवर्धन के विषय में किसानों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में जिला के सात विकास खंडों के 25 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें प्रमाण पत्र एवं बैग वितरित किए गए।

### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर निगम के वार्ड संख्या 3 लोधीपुर में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मोहल्ले की विभिन्न गलियों और नालियों में लंबे समय से जमा गंदगी और कीचड़ को हटाकर व्यापक साफ-सफाई कराई गई। सफाई कर्मचारियों ने नालियों में जमा कीचड़ निकालकर उसका उचित निस्तारण किया तथा कई स्थानों पर जलभराव की समस्या दूर की गई, पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू ने बताया कि वार्ड को स्वच्छता के मामले में नंबर-1 बनाना लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से घर का कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और नालियों में कचरा न फेंकने की अपील की। स्थानीय लोगों ने भी सक्रिय सहयोग करते हुए भविष्य में स्वच्छता अभियान में भागीदारी का भरोसा दिलाया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# मेडिटेशन से तनावमुक्त जीवन जीने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम में चिकित्सक व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में हुआ स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम
- चिकित्सकों और विद्यार्थियों को कराया सामूहिक ध्यान अभ्यास
- मानसिक संतुलन को बेहतर उपचार की आधारशिला बताया

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा स्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के ऑडिटोरियम में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर विशेष मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉ, एमबीबीएस विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को बढ़ते मानसिक दबाव से राहत के लिए ध्यान और हार्टफुलनेस पद्धति की उपयोगिता से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ एनके सिंह, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ साधना तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गंगवार उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ कर्नल रविन्द्र नाथ शुक्ल की ओर से किया गया।

डॉ कर्नल रविन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत लोगों पर अत्यधिक जिम्मेदारी होती है, जिससे तनाव, अनिद्रा और थकान जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने ध्यान को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानसिक संतुलन की प्रभावी विधि बताया। मुख्य अतिथि डॉ एनके सिंह ने चिकित्सकों और मेडिकल विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव के कारणों पर प्रकाश डालते हुए संतुलित दिनचर्या, उचित भोजन और पर्याप्त नींद को आवश्यक बताया।

डॉ साधना ने ध्यान को मानसिक शांति और शरीर की सक्रियता बनाए रखने में सहायक बताया, जबकि डॉ गंगवार ने कहा कि चिकित्सा सेवा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम के विशेष सत्र में डॉ एनके सिंह और डॉ वर्मा की ओर से सामूहिक ध्यान अभ्यास कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मानसिक शांति का अनुभव किया।

समापन अवसर पर उप प्राचार्य डॉ संथानन कृष्णन, विभागाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता तथा प्रोफेसर डॉ किरन दाबोलकर ने तनाव प्रबंधन को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान, विपणन अधिकारी इं सचिन चौहान सहित संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलान पीएचसी में पोषण पोटली अभियान आयोजित

**कलान, अमृत विचारः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान में क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण पोटली अभियान चलाया गया। अभियान के तहत डॉ आर्येंद्र यादव की ओर से क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई।

डॉ आर्येंद्र यादव ने कहा कि क्षयरोगियों को पोषण पोटली में दी गई पौष्टिक सामग्री का नियमित सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और रोग से जल्द मुक्ति मिल सके। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से उपचार अवधि के दौरान मरीजों के खाते में खानपान के लिए एक हजार रुपए की धनराशि भी भेजी जाती है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट गोपाल कृष्ण, लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, अर्जुन वर्मा, वीसीपीएम अमित कुमार सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** बंडा निवासी लखविंदर कौर पत्नी अमर सिंह ने अपनी रजिस्ट्री भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने और निर्माण गिराए जाने की शिकायत डीएम से की है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2021 में लखविंदर ने भूमि की विधिवत रजिस्ट्री कराई थी, जिस पर पीड़िता की ओर से प्लॉट की बाउंड्री भी कराई गई थी। आरोप है कि 25 फरवरी को कुछ लोगों ने जबरन पहुंचकर बाउंड्री को गिरा दिया और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि संबंधित व्यक्ति फर्जी तरीके से भूमि पर अधिकार जताते हुए कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# जीवन यात्रा थीम पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- बिजी बीज प्री स्कूल और द फाउंडेशन स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न
- नन्हे कलाकारों ने अभिनय और नृत्य से जीवन के पड़ाव दिखाए
- मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

**अमृत विचारः** बिजी बीज प्री स्कूल का नौवां तथा द फाउंडेशन स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में धूमधाम और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी रजनीश मिश्र रहे।

वार्षिकोत्सव की थीम "जीवन यात्रा - बचपन से किशोरावस्था और फिर वृद्धावस्था तक" रही, जिसे दोनों विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंचित किया। बच्चों ने अभिनय, नृत्य और संवादों के जरिए जीवन के विभिन्न चरणों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे सभागार में मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

कार्यक्रम के दौरान द फाउंडेशन स्कूल की छात्रा नायशा सिलोईया को प्रतिष्ठित एसके मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वर्गीय वैज्ञानिक डॉ सर्वेश कुमार की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिसे उनकी धर्मपत्नी रीता गोयल की ओर से प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर पुरस्कार में द फाउंडेशन स्कूल से श्रेष्ठ मिश्रा केजी एवं श्रीषा वर्मा नर्सरी को सम्मानित किया गया। वहीं बिजी बीज प्री स्कूल से लक्ष्य प्रताप सिंह सीनियर केजी, श्रशा सिंह केजी तथा आदिशिव मिश्रा नर्सरी को बेस्ट ऑल राउंडर अवार्ड दिया गया। बिजी बीज प्री स्कूल के पूर्व मुख्य संरक्षक राजा राम मेहरोत्रा की स्मृति में शुरू किए गए पुरस्कार से कक्षा केजी के अभी कश्यप को सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजा राम मेहरोत्रा के पुत्र अतुल मेहरोत्रा और अचल मेहरोत्रा ने प्रदान किया। पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य वसु गोयल, निदेशक रीता गोयल, रोहित गोयल, अतुल मेहरोत्रा और अचल मेहरोत्रा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान जगन्नाथ की भव्य आरती रही, जिसमें एक बालक ने भगवान जगन्नाथ का स्वरूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों और उपस्थित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



**इफ्तार** रविवार
सुन्नी : 6:18
शिया : 6:27

**सहरी** सोमवार
सुन्नी : 5:14
शिया : 5:08

# जिले में 60 से अधिक सड़कों का होगा निर्माण, शासन को भेजा प्रस्ताव

## मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत सड़कों का कराया जाएगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हर विधानसभा क्षेत्र से 15 से 20 सड़कों के निर्माण को भेजा गया है प्रस्ताव

**अमृत विचार:** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से जिले की सभी विधानसभाओं में 60 से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जिसकी मंजूरी के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद बजट की मांग करते डीपीआर तैयार भेजी जाएगी। विभागीय अधिकारियों होली के बाद स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा सांसद और विधायक निधि से सड़कों का निर्माण कराया जाता है। इसके साथ मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत भी सड़क निर्माण के कार्य कराए जाते हैं। जनवरी माह के दौरान ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से शासन की ओर से मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत सड़कों निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद विभागीय अधिकारियों के द्वारा सभी विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों से सड़कों के प्रस्ताव मांगे गए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के आग्रह पर जनप्रतिनिधियों की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए प्रस्ताव विभाग को भेजे गए। इसके बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़कों की दी गई सूचना के बाद सर्वे कराया। इसके बाद प्रस्ताव तैयार कर विभाग की ओर से शासन में भेजा गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव शासन में भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद ही डीपीआर तैयार कर शासन में भेजकर बजट की मांग की जाएगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि होली के बाद सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल जाए।

> मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत शासन में प्रस्ताव मांगे गए थे। 60 से अधिक सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजा है। उम्मीद है कि होली के बाद स्वीकृति मिल जाए। इसके बाद डीपीआर भेजकर बजट की मांग की जाएगी। –**राजेश कुमार**, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग

### इन क्षेत्रों से भेजे गए सड़कों के प्रस्ताव

जिले की सभी छह विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों की ओर से ग्रामीणों की मांग पर सड़कों को चिन्हित करते हुए प्रस्ताव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में भेजे गए हैं। इनमें सबसे अधिक प्रस्ताव दातागंज विधानसभा के जनप्रतिनिधि के द्वारा भेजे गए हैं। दातागंज से 20 बिल्सी से 15, और 35 से अधिक प्रस्ताव बदायूं, सहसवान, शेखूपुर, बिसौली के जनप्रतिनिधियों के द्वारा भेजे गए हैं।

### त्वरित योजना के तहत दो साल से नहीं मिला बजट

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत पिछले दो साल से बजट नहीं मिल सका है। साल 2020-2023 में करीब 6 सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिली थी। इन सड़कों का निर्माण करा दिया गया था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में शासन की ओर से मांग नहीं की गई। इस बार प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिन्हें भेजा जा चुका है।

# बिजली विभाग ने बनाया कंट्रोल रूम, तीन कर्मचारी किए तैनात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो से चार मार्च तक पूरा दिन रहेगी बिजली की सप्लाई
- उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

**अमृत विचार :** होली के त्यौहार पर उपभोक्ताओं को निर्बाध गति से बिजली देने को कंट्रोल रूम बनाया है। कंट्रोल रूम पर तीन कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

होली पर जनपद वासियों को 2 से 4 मार्च तक चौबीस घंटे बिजली सप्लाई दी जाएगी। इस अवधि में यदि बिजली गुल होती है तो उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की जवाबदेही होगी। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती से बचने को बिजली विभाग ने होली के त्यौहार पर अपने पांच लाख उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल बनाया है। विभाग ने हाइडिल स्थित मुख्यालय पर शनिवार को कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया। कंट्रोल रूम पर तीन कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जिसमें अंकित, विनीत, और आकाश चौबीस घंटे मौजूद रहेंगे। बताया कि दो से चार मार्च तक चौबीस घंटे बिजली दी जाएगी। यदि किसी क्षेत्र में बिजली गुल होती है तो वह कंट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज करा सकता है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि शासन स्तर से भी निर्देश हैं कि होली के पर्व पर उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अतिरिक्त बिजली दी जाए जिससे किसी को परेशानी न हो। शहर के सभी बिजली घरों उनके कर्मचारियों और एसडीओ को इस बाबत पत्र भेजा गया है। यदि कहीं पर किसी तरह की दिक्कत है तो उसे सोमवार तक ठीक कर लिया जाए। उसके बाद किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सभी बिजली घरों को दिए सख्त निर्देश

बिजली विभाग ने अपने सभी बिजली घरों को आज से निर्देश जारी किए हैं कि जो कर्मचारी जहां पर तैनात है वह 5 मार्च तक वहीं पर काम करेगा। होली पर कोई भी गैर हाजिर नहीं रहेगा। अधिशासी अभियंता निरीक्षण करेंगे। यदि कोई गैर हाजिर मिलता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बिजली घरों पर मरम्मत का काम पुरा किया जा चुका है। अब होली पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

> होली के त्यौहार को देखते हुए विभाग ने 2 से 4 मार्च तक 24 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए हैं। कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम को भी उक्त निर्देश दिए गए हैं कि कहीं से भी शिकायत मिलती है तो उस पर त्वरित कार्रवाइ करें। उपभोक्ता अपनी शिकायत कंट्रोल रूम को दर्ज करा सकते हैं। –**चंद्रशेखर कुमार**, अधीक्षण अभियंता



## न्यूज ब्रीफ

### 11 को आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च जनपद में आएंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां पहुंचने पर उनके द्वारा पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई की जाएगी। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

### रंग वाले दिन शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**बदायूं, अमृत विचार :** होली पर जनपद भर में देसी और अंग्रेजी शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने इस संबंध में आदेश जारी किया। डीएम ने आदेश में कहा कि होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार मार्च को जनपद में देसी व विदेशी मदिरा की दुकानें शाम पांच बंद रखी जाएंगी। डीएम ने एसएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट एवं सभी उप जिलाधिकारियों, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षकों को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

### तीन मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**बदायूं, अमृत विचार :** तीन मार्च को शासकीय अवकाश तालिका में अवकाश घोषित नहीं था। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि शासन ने वर्ष 2026 की अवकाश सूची में संशोधन करते हुए होली पर्व के अवसर पर 03 मार्च 2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 02 मार्च को होलिका दहन तथा 04 मार्च को होली का राजपत्रित अवकाश पूर्व से घोषित है। अब 03 मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

# घर आ रहे मजदूर की हादसे में मौत

- शुक्रवार देर शाम बरौर और मीरापुर के बीच मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, वजीरगंज



किशनवीर।

**अमृत विचार :** मजदूरी करके घर लौट रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बरौर अमानुल्लापुर निवासी किशनवीर (30) पुत्र रोशन लाल मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शुक्रवार देर शाम वह मजदूरी करके पैदल अपने घर जा रहे थे।

बरौर और मीरापुर मार्ग के बीच स्थित मंदिर के पास किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के चालक मय वाहन भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर वजीरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### राजमार्ग पर बस की टक्कर से बाइक सवार घायल



**वजीरगंज, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कस्बा सैदपुर के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव पलई निवासी राजवीर यादव दूधिया हैं। वजीरगंज से वह अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। वह घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायल को सैदपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना पर पुलिस पहुंची। बस को पकड़ लिया गया है।

# पति ने पत्नी समेत 8 के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** वजीरगंज के वार्ड 10 निवासी मनोज कुमार मिश्रा ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उन्होंने 25 फरवरी 2020 को गांव नन्दवारी निवासी नीतू मिश्रा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से उनके घर में ससुरालीजनों का हस्तक्षेप रहा। जो बढ़ता गया। नीतू उनसे और उनके परिजनों से झगड़ा करने लगी। रिश्तेदारों ने कई बार समझाकर विवाद शांत कराया। तीन-चार साल से नीतू ने पुलिस से झूठी शिकायत शुरू कर दी। आरोप है कि पत्नी के परिजन धमकाने लगे कि उसके नाम पर मकान नहीं किया तो जान से मार देंगे। पत्नी और उसके परिजनों के बार बार धमकी देने और पीटने से परेशान होकर मनोज कुमार ने आत्मदाह का प्रयास किया था। परिजनों ने अस्पताल ले जाकर उनका इलाज कराया। वहीं दूसरे पक्ष ने मनोज के पिता और भाई पर रिपोर्ट दर्ज करा दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नीतू मिश्रा, राजेश मिश्रा, शिवम मिश्रा, ममता, कांती, रीना, वीरेश और योगेंद्र शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# जन्म प्रमाण बनवाने का झांसा दे मोबाइल ले उड़ा

- सीसीटीवी में दिखा युवक, सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही लगातार आ रही सामने

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सीसीटीवी कैमरे में उच्चके को देखते सीएमएस डॉ .अमित वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल उचक्कों का अड्डा बन चुका है। सुरक्षा गार्ड होते हुए घटनाएं हो रहीं हैं। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए युवक को झांसा देकर एक उचक्का उसका मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गया। युवक की शिकायत पर सीएमएस ने सीसीटीवी कैमरे में युवक को जाता हुआ देखा। पीड़ित ने थाने में इस घटना की तहरीर दी है।

शनिवार को थाना विनावर क्षेत्र के ग्राम टिटौली निवासी आयुष कुमार बरेली से ट्रेन से आया। ट्रेन में उसे एक युवक मिला। आयुष को उक्त युवक बातों बातों में जिला अस्पताल लेकर आ गया। इसी बीच उक्त युवक ने आयुष से मोबाइल मांगा और बात करते करते साढ़े नौ हजार का मोबाइल लेकर युवक निकल गया। जब वह काफी देर तक लौट कर नहीं आया तो आयुष ने इधर उधर उसकी खोजबीन की। मगर वह नहीं मिला। परेशान होकर आयुष ने सीएमएस अमित वार्ष्णेय से शिकायत की जिस पर उन्होंने अपने कैमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमे वह युवक आयुष ने पहचान लिया। उक्त उचक्का मोबाइल पर बात करते हुए जाता दिख। आयुष ने सीएमएस को बताया कि वह तहसील जा रहा था उसे एक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना था। उचक्के ने अस्पताल में नि शुल्क प्रमाण पत्र बनवाने का झांसा दिया जिससे उसके साथ यह घटना हो गयी। पीड़ित ने थाना सिविल लाइन पुलिस को घटना की तहरीर दी है और युवक को खोजने की मांग की है। अस्पताल प्रशासन ने भी पुलिस को सहयोग करने की बात कही है।

### सुरक्षा गार्ड होते हुए हो रहीं घटनाएं

जिला अस्पताल में इस तरह की घटनाएं आम हो गयी हैं। यहां पर करीब 20 सुरक्षा गार्ड तैनात हैं फिर भी अप्रिय घटनाएं हो रहीं हैं। लोगों ने कहा कि घटनाएं होने से बाहर से आने वाले मरीजों तीमारदारों को परेशानी होती है। अस्पताल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए। इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

# जिले में गेहूं खरीद आज से, विपणन विभाग ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गेहूं खरीद के लिए जिले में बनाए गए हैं 76 क्रय केंद्र
- गेहूं की बिक्री के लिए 3 सौ किसानों ने कराया पंजीकरण

**अमृत विचार:** जिले में आज से गेहूं खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए विपणन विभाग द्वारा करीब 76 केंद्र स्थापित किए हैं। पिछले साल 120 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की गई थी। अधिकांश क्रय केंद्रों पर खरीद के प्रति लापरवाही बरते जाने की वजह से क्रय केंद्रों की संख्या को घटा दिया है। खरीद को लेकर नामित एजेंसियों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। खरीद शासन से निर्धारित समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है। इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जाएगी। विपणन विभाग की ओर से किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीकृत किसानों से टोकन सिस्टम के माध्यम से 72 घंटे में भुगतान किया जाएगा।

गेहूं खरीद के लिए प्रशासन की ओर से पांच एजेंसियों को नामित किया गया है। नामित एजेंसियों के द्वारा 76 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

गेहूं खरीद के लिए शासन की ओर से विपणन विभाग को लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। इसके बावजूद नोडल एजेंसी विपणन शाखा एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू करने जा रही है। जिसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गईं हैं। आज होने वाली खरीद के लिए नामित एजेंसियों के द्वारा क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छन्ना, पंखा के साथ छांव, पेयजल व प्रसाधन की व्यवस्था को पूरा किया जा रहा है। विपणन विभाग की ओर से किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। करीब तीन सौ किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है।

### अंगूठा लगाने के बाद होगा भुगतान

गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी रहेगी। पिछले वर्ष की तरह ही इस बार भी आधार बेस क्रय व भुगतान प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। पंजीकृत किसानों को क्रय केंद्रों पर पॉइंट ऑफ परचेज मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। इसके बाद बाद आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर पर आई ओटीपी मशीन में दर्ज करने के बाद उत्पादित गेहूं की मात्रा के साथ बैंक डिटेल का सत्यापन किया जाएगा। डिटेल स्थापित होने के बाद केंद्र प्रभारी तौल करेंगे। उसके बाद किसानों को 72 घंटे के अंदर भुगतान किया जाएगा।

### इन एजेंसियों को किया गया नामित

गेहूं खरीद के लिए नोडल एजेंसी विपणन विभाग द्वारा गेहूं खरीद के लिए पीसीयू, पीसीएफ, यूपीएसएस, मार्केटिंग और विपणन शाखा को नामित किया गया है।

> गेहूं खरीद के लिए 76 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक मार्च से खरीद शुरू करा दी जाएगी। गेहूं खरीद शासन से घोषित समर्थन मूल्य के तहत की जाएगी। किसानों को भुगतान शासन की नीति के अनुसार किया जाएगा। हालांकि अभी बाजार में गेहूं नहीं आएगा तब तक किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा। अब तक करीब तीन सौ किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। –**अतुल कुमार वशिष्ठ**, डिप्टी आरएमओ

# डीएम-एसएसपी ने देखी शहर की सुरक्षा

- शहर के कई व्यस्त स्थानों का भ्रमण कर दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



भ्रमण के दौरान आमजन से बात करते डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली के त्योहार के चलते डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले व्यस्त स्थानों का भ्रमण करके सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को जायजा लिया। आमजन से संवाद करके जानकारी की। अधिकारियों ने होलिका दहन स्थलों का भी जायजा लिया।

त्योहार दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, कानून और शांति व्यवस्था कायम रखने, जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, लाबेला चौक, छह सड़का, सर्राफा बाजार आदि का जायजा लिया। लोगों बात करते उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया और होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया। साथ ही पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को संयुक्त रूप से शहर में फुट पेट्रोलिंग करते हुए सक्रिय रहने को निर्देशित किया। जिससे त्यौहार सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके। इस दौरान एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# जनसेवा केंद्र पर बनाए फर्जी प्रमाण पत्र, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** तहसील सहसवान के कौल्हाई में तैनात लेखपाल सत्यपाल सिंह ने मुजरिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 फरवरी दोपहर 3 बजे उन्हें गांव कौल्हाई में बिहारीपुर जाने वाले मार्ग स्थित जनसेवा केंद्र पर फर्जी तरीके से सामान्य निवास प्रमाण पत्र जारी करने की सूचना मिली। जिसके बाद नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह, लेखपाल सुमित कुमार सिंह और अरविंद कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जहां फर्जी सामान्य निवास प्रमाण पत्र के अलावा अन्य प्रमाण पत्र मिले। सक्षम अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर न होकर किसी अन्य के हस्ताक्षर थे। टीम जनसेवा केंद्र पर मिले गांव मुड़सान निवासी राहुल कुमार पुत्र जुगल किशोर को थाने ले गई। आरोपी राहुल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दूषित लौज और खोया कराया नष्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ई-रिक्शा पर रखे खोया की जांच करते सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय।

- खाद्य सुरक्षा विभाग ने चार प्रतिष्ठानों से खोया और लौज के लिए सैंपल

**अमृत विचार:** मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ की बिक्री रोकने लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। इस दौरान अधिकारियों ने 12 किलोग्राम दूषित लौज और 16 किलोग्राम खराब खोया नष्ट कराया। साथ ही खोया और लौज के चार सैंपल लिए। इन्हें जांच को भेजा गया है।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि शनिवार को उन्होंने टीम के साथ शहर सहित दातागंज क्षेत्र में छापेमारी की। दातागंज चौराहे से अमर सिंह के वाहन से एक खोया का सैंपल लिया। डहरपुर कलां स्थित विनय हलवाई के प्रतिष्ठान से लौंज का सैंपल लिया। साथ ही बिक्री के लिए रखी दूषित 12 किलोग्राम लौंज का नष्ट कराया। जिसकी कीमत करीब 2640 रुपए थी। डहरपुर कलां से अभिषेक गुप्ता के प्रतिष्ठान से खोया का सैंपल लिया।

साथ ही यहां पर बिक्री के लिए रखे 16 किलोग्राम दूषित खोया को नष्ट कराया। जिसकी अनुमानित कीमत 4800 रुपए थी। वहीं बिल्सी स्थिति रवि शंकर के प्रतिष्ठान से खोया का सैंपल लिया। 1680 अनुमानित कीमत का 6 किलोग्राम खोया नष्ट कराया। खोया और लौंज के सैंपल जांच को भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होग। कार्रवाई करने वाली टीम में भगवत सिंह राजेंद्र नाथ मिश्रा, करन सिंह, खुशीराम, सीमा यादव आदि मौजूद रहे।

**विकास** | नगर पालिका की ओर से इस मार्ग पर 15 लाख रुपये की लागत से लगवाई तिरंगा लाइट

# कादरी गेट से मीराजी की ढाल तक तिरंगा लाइट से मार्ग जगमग

- पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



तिरंगा स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन करतीं चेयरमैन फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा।

**अमृत विचार :** होली के त्योहार पर नगर पालिका परिषद ने शहर वासियों को तोहफा दिया है। कादरी गेट से मीरा जी ढाल तक का मार्ग तिरंगा लाइट से जगमगाएगा। इस मार्ग पर 15 लाख रुपये की लागत से लाइटें लगवाई गई हैं। शुक्रवार देर शाम नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लाइटों का उद्घाटन किया।

शहरवासियों की मांग पर नगर पालिका परिषद ने इस मार्ग पर 35 ऑक्टोगोनल सिंगल आर्म पोल लगवाए थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए ऐसे कार्य जरूरी हैं। अंधेरे की समस्या से जूझ रहे इस मार्ग पर अब नागरिक सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। चेयरमैन ने बताया कि नगर में चरणबद्ध तरीके से अन्य प्रमुख मार्गों पर भी आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। नगर वासियों की सुविधा और सुरक्षा पालिका की प्राथमिकता है। आसपास के लोगों और व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत किया। बताया कि शाम होते ही इस मार्ग पर अंधेरा छा जाता था। अब पूरा इलाका रोशनी से सराबोर रहेगा। अब दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। इस अवसर पर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### होली से पहले तैयार होंगी शहर की छह हॉट मिक्स सड़कें



- पूर्व मंत्री ने चेयरमैन को पत्र देकर सड़क बनवाने की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर की चार हॉटमिस्क सड़कें होली व ईद से पहले बनने की उम्मीद है। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा को पत्र देकर शहबाजपुर, स्टेशन रोड, छह सड़का और घंटाघर की सड़कें हॉट मिक्स से बनवाने की मांग की है। कहा कि नगर पालिका होली और ईद पर शहरवासियों को तोहफा दे। पूर्व मंत्री ने कहा कि इन चार सड़कों के क्षेत्र में हिंदू, मुस्लिम और दलित परिवार रहते हैं। शहबाजपुर से टिकटगंज चौराहा, छह सड़का से पुराना बाजार, घंटाघर की चढ़ाई की सड़क यह शहर के मुख्य बाजार की सड़कें हैं। इन सड़कों की हालत बेहद दयनीय है। मुख्य बाजार की सड़कें होने के कारण पूरे जिले के लोगों को इन खराब सड़कों से गुजरना पड़ता है, लेकिन पालिका की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है पर त्योहारों के कारण यह सड़कें बनना बहुत जरूरी हैं। कहा कि जिस भरोसे से हर धर्म के लोगों ने वोट देकर चेयरमैन बनाया है वह विश्वास कायम रहे।

## म्याऊ में लगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप, 5 केंद्रों पर हुई 298 की जांच

**म्याऊ, अमृत विचार :** जनपद में कैंसर जांच को स्क्रीनिंग की गयी। इसके लिए जगह जगह कैंप लगाए जा रहे हैं। म्याऊ सहित पांच केंद्रों पर र आज 298 लोगों की जांच की गयी। जनपद में कुल 100 कैंप लगाए जाने हैं, जिसमें आज 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए गए। इन केंद्रों में म्याऊं, अलापुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरौरी, नगरिया चिकन और संजरपुर शामिल आदि पर 298 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी। कैंपों में कैंसर एवं क्षय रोग की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें म्याऊं में 84, अलापुर में 64, मरौरी में 52, नगरिया चिकन में 54 और संजरपुर में 44 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी। स्क्रीनिंग में सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों की जांच की गई और उनके लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी गई। इन कैंपों में डॉ राजकुमार, होशियार मियां फार्मासिस्ट, अंजू स्टाफ नर्स, डॉ आर पी यादव, नीरज स्टाफ नर्स, गौरी, ओमवीर और शीवा खान सामुदायिक स्वास्थ्य आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# महावा और गंगा नदी के तटबंधों पर दो जगह बनेंगे लांचिंग पैड

### दो प्वाइंटों पर डाला जाएगा पत्थर, निरीक्षण के बाद बाढ़ खंड ने की कार्ययोजना तैयार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** बाढ़ खंड ने गंगा, रामगंगा और महावा नदियों के तटबंधों का निरीक्षण करने के बाद कार्ययोजना तैयार कर ली है। कार्ययोजना के अनुसार गंगा और महावा नदी के बांध पर दो प्वाइंटों पर मरम्मत की जाएगी। जबकि उसहैत बांध पर इस बार दो गुना पत्थर डाला जाएगा।

बाढ़ का कहर रोकने को बाढ़ खंड ने इस बार पुख्ता मरम्मत कार्य कराने को कार्ययोजना तैयार कर निरीक्षण पूरा कर लिया है। कार्य योजना के अनुसार इस बार सहसवान की महावा नदी पर बना 14 किमी का बांध पर काम किया जाएगा। इस बांध पर विभाग ने दो प्वाइंट चिन्हित किए हैं जहां पर मिट्टी और पत्थर लगाया जाएगा। इसके लिए नदी के अंदर लांचिंग पैड तैयार किए जाएंगे। जिनकी चौड़ाई बीस मीटर होगी और उन पैड पर पत्थर डाल कर नदी के निचली सतह तक मजबूत ठोकर बनाई जाएगी जिससे बाढ़ का पानी इस ठोकर से टकरा कर वापस लौट जाए और बांध सुरक्षित रहे। नदी के अन्य हिस्सों पर पिछले साल बाढ़ के समय कट चुकी मिट्टी को फिर से डाला जाएगा उसके ऊपर पत्थर डाल का बांध को मजबूती दी जाएगी।

> बाढ़ खंड ने अपनी कार्ययोजना तैयार कर ली है। बांधों के चिन्हित स्थानों का निरीक्षण भी कर लिया है। होली के बाद बजट मिलने की उम्मीद है। धन स्वीकृत होते ही काम शुरू कर दिया जागए। सभी प्वाइंटों पर विभाग की टीम की निगरानी में काम किया जाएगा। जिससे कहीं पर कुछ दिक्कत न हो।
> –**नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

इस बांध के अंदर आधा दर्जन गांव हैं जो बाढ़ के समय जलमग्न हो जाते हैं। इन गांवों के लोगों को बांध के दूसरे ओर बसाया जाता है। उधर गंगा नदी में उसहैत तटबंध पर काम किया जाएगा। यहां पर अहमदनगर विछोरा और असमिया रफतपुर गांव के निकट बांध को ठीक किया जाएगा। बाढ़ के दौरान यहीं से बांध कमजोर हुआ था। जिसके बाद रातों रात मिट्टी डाल कर बांध को रोका गया था। इस बार यहां पर दो गुना पत्थर डाला जाएगा। जिससे फिर से किसी तरह का खतरा न हो।

**रामगंगा में जियो वेग स्टड बनाए जाएंगे**

रामगंगा पर गोतिया विथरीपुर पर जियो वेग से स्टड बनाए जाएंगे। जिससे राम गंगा नदी का पानी यहां से आगे न बढ़ सके। कछला क्षेत्र में गंगा नदी पर चंदनपुर हुसैनपुर बांध की मरम्मत का काम शुरू होगा। इस तटबंध पर दो स्पर बनाए जाएंगे। ठोकर बनाने के बाद बांध पर पत्थर डाला जाएगा।

**जनपद में तीनों बांध हैं संवेदनशील**

जिले में उसहैत में गंगा नदी, सहसवान में महावा नदी और कछला क्षेत्र के हुसैनपुर चंदनपुर यह तीनों बांध अति संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। बारिश और बाढ़ के समय स्थानीय लोगों को इन बांधों से खतरा रहता है। साथ ही बाढ़ खंड को भी भारी परेशानी होती है। शासन स्तर से उक्त तीनों प्वाइंटों पर पुख्ता काम करने के निर्देश हैं। इसलिए विभाग ने इन्हीं बांधों पर कुछ स्थान चिन्हित किए हैं जिन पर पहले काम किया जाएगा।

## समाज के विकास को शिक्षा जरूरीः राजीव


कार्यशाला को संबोधित करते विधायक राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**संवाददाता, दातागंज**

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर शनिवार को ग्राम प्रधानों, स्थानीय अधिकारियों द्वारा नामित सदस्यों, प्रधानाध्यापकों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन हेतु एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजीव सिंह बब्बू भैया मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद कहा गया कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। विद्यालयों के कायाकल्प और पठन-पाठन के स्तर को सुधारने में ग्राम प्रधानों और शिक्षक समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण है। जब स्थानीय जनप्रतिनिधि और विद्यालय प्रशासन मिलकर कार्य करेंगे, तभी हमारे बच्चे एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।

उन्होंने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सदस्यों को प्रेरित किया। कार्यशाला में ब्लॉक के विभिन्न ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों और विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में वक्ताओं ने विद्यालय प्रबंधन समिति के दायित्वों, बुनियादी साक्षरता और शासन द्वारा निर्धारित नवीन गाइड लाइंस पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी लक्ष्मीनारायण, शिक्षक संघ के माधव सिंह, एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जिला कारागार का किया निरीक्षण


कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बन्दी बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को देखा। कारागार में आपत्तिजनक व प्रतिबंधित सामग्री का मिलना प्रकाश में नहीं आया है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दातागंज में तहसीलदार-अधिवक्ताओं में झड़प

- महिला अधिवक्ता ने लगाए गंभीर आरोप, कोतवाली में दी तहरीर

**संवाददाता, दातागंज**

**अमृत विचारः** तहसील कार्यालय में शनिवार की दोपहर अखाड़ा बन गया। तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच तीखी झड़प हुई। विवाद इतना आगे बढ़ गया कि हाथापाई तक पर नौबत आ गई। इसके बाद एक महिला अधिवक्ता ने तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं तहसीलदार की ओर से भी अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी गई। दोनों पक्षों ने शिकायत पत्र दिए जाने के बाद अब सुलह समझौते के प्रयास होने लगे हैं। सौंपा है।


इंस्पेक्टर को तहरीर देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

एक मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ओर तहसीलदार के बीच विवाद हो गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोपहर के समय घटित घटना के बाद अधिवक्ताओं की ओर से पुलिस को तहसीलदार पर बदसलूकी करने का रोप लगाते हुए तहरीर सौंपी। आरोप है कि तहसीलदार ने महिला अधिवक्ता को धक्का देकर बाहर निकाल दिया, जिससे उनके गले पर निशान भी पड़ गए हैं। आरोप है कि तहसीलदार ने उनके जूनियर वकील के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में हंगामा काटा। चेतावनी दी है कि यदि तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करेंगे। उधर दूसरी ओर तहसीलदार रामचंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में अधिवक्ताओं पर जातिसूचक गालियां देने और उनके ऊपर कुर्सी फेंकने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। साथ ही आरोपी अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अधिवक्ता और तहसीलदार के बीच विवाद हुआ है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी वेदपाल सिंह ने बताया कि वकीलों और तहसीलदार की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने पकड़े छह सटोरियों को भेजा जेल

- दातागंज रेलवे क्रॉसिंग के पास के घर पर पकड़े गए सटोरिया

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने सट्टी की खाईबाड़ी करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से सट्टा पर्ची, 6770 रुपये और छह मोबाइल फोन बरामद किए। रिपोर्ट दर्ज करके सभी आरोपियों को शनिवार को जेल भेजा गया है।

पुलिस को काफी समय से दातागंज मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास के घर में सट्टा होने की सूचना मिल रही थी। पुलिस ने शुक्रवार देर शाम घर पर दबिश दी। जहां से छह लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। पुलिस आरोपियों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां आरोपियों ने अपना नाम गांव लखनपुर निवासी अजय पटेल पुत्र कल्याण सिंह, नगला शर्की निवासी सिद्धार्थ पटेल पुत्र राजेंद्र सिंह, भरकुइया निवासी विशाल पटेल पुत्र अनोज कुमार, आमगांव निवासी तरूण कुमार सिंह व मोहित कुमार पुत्र रवेंद्र सिंह, कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बाबट निवासी कमल कुमार पुत्र सुनील कुमार बताया। मोहित को छोड़कर बाकी आरोपियों पर पहले से ही मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी को जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है। क्षेत्र में कोई भी गलत काम नहीं होने दिया जाएगा।




## छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का लिया संकल्प

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय वन बेहटा के छात्र-छात्राओं ने होली समारोह में एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। शिक्षकों ने सभी बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। बच्चों द्वारा होली से संबंधित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने फूलों की होली खेलकर व गुलाल लगाकर होली मनाई। साथ ही बच्चों को होली के त्यौहार के बारे में बताया गया और जल संरक्षण की सीख दी गई। स्कूल में बच्चों को गुलाल होली मनाने का संदेश दिया गया। होली के कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि रंगों से त्वचा व आंखों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। पानी का पहले से ही अभाव है। इसलिए गुलाल का प्रयोग करें और पानी बचाएं। बच्चों ने भी गुलाल होली खेलने का संकल्प लिया। बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाध्यापक हरपाल गंगवार, शिक्षामित्र अजयपाल सोलंकी, श्वेता राठौर रंजना देवी सहित अध्यापक उपस्थित रहें।


स्कूल में रंग लगा कर होली खेलते छात्र। ● अमृत विचार

## स्कूल-कॉलेजों में अवकाश, बच्चों ने जमकर खेली होली

- एक-दूसरे को रंग लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** होली के त्योहार के चलते स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। शनिवार को छात्र-छात्राओं ने होली खेली। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

मीरा जी चौकी स्थित श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होली खेली गई। बच्चों के साथ शिक्षिकाओं ने भी एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने होली का महत्व बताया। कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता को समर्पित है। कमलेश कुमार, राजकुमार सिंह सेंगर, अनुज पटेल, हिमांशु, शैलेंद्र सिंह, जगतपाल सिंह, अशोक कुमार, दीक्षा गोस्वामी, प्रियंका आदि मौजूद रहे। कादरचौक के प्राथमिक विद्यालय अंतुइया में बच्चों ने होली खेली।


रायपुर बुजुर्ग स्थित स्कूल में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

**जीएस स्कूल में धूमधाम से मनाई होली**

**बिल्सी :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग स्थित जीएस बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में बच्चों ने अपने साथियों और शिक्षकों के साथ होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया। स्कूल डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह ने बच्चों को होली त्यौहार के बारे में बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर अभय प्रताप सिंह ने सुरक्षित ढंग से होली मनाने को कहा। अभिषेक कुमार भारती, अंजू चौहान, गीता शाक्य, अंशिका शर्मा, देवेश सिंह, निभा सागर, मो. इमरान, सोनम यादव, आरजू मलिक, नीलोफर मलिक, ज्योति तोमर, फिरदौस अख्तर, अंजना शर्मा, मिस साक्षी, अर्चना गौतम, रंजना सिंह, संध्या गौतम आदि मौजूद रहे।


अवकाश के बाद स्कूल के बाहर होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

## ग्रापं अधिकारी ऋषिकांत शर्मा को दी विदाई


ऋषिकांत शर्मा को विदाई देते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, इस्लामनगर**

**अमृत विचार :** विकास खंड इस्लामनगर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) ऋषिकांत शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को ब्लॉक परिसर में एक सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ब्लॉक अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों ने बड़ी संख्या में उन्हें भावभीनी विदाई दी।

वक्ताओं ने कहा कि ऋषिकांत शर्मा ने अपने लंबे सेवा काल में ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्य परायणता के साथ कार्य किया। ब्लॉक प्रमुख सहित एडीओ कृषि अशोक कुमार, एडीओ आईएसबी संजीव कुमार, एपीओ अनूप कुमार, सचिव दिग्विजय सिंह, अरविंद कुमार, पंकज यादव, स्वर्णकेश यादव, मौसिम अली, संजीव कुमार, आस मोहम्मद, ब्रजेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार, कुमोद कुमार तथा क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। सभी ने माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की।

## पांच को होगा होली मिलन समारोह व काव्य संध्या

**बिल्सी, अमृत विचारः** रंजना हॉस्पिटल परिसर में पांच मार्च को होली मिलन समारोह एवं काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं समाजसेवी डॉ. उमेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार का आयोजन विशेष रहेगा। पहली बार नगर में ऐसा अवसर होगा जब राजनीतिज्ञों, कलाकारों, पत्रकारों, लेखकों, कवियों और अधिवक्ताओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों का एक मंच पर संगम देखने को मिलेगा।काव्य संध्या में सोनरूपा विशाल, श्री दत्त शर्मा, समीक्षा पाठक, शिवकुमार शर्मा और उज्ज्वल वशिष्ठ सहित स्थानीय कवि वेद रिचा माथुर, आशीष वशिष्ठ, सुवीन माहेश्वरी, विष्णु असावा एवं ओजस्वी जौहरी अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे।

## सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता गंभीर घायल

**संवाददाता, उसहैत**

**अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा थाना उसहैत क्षेत्र में अटैना पुल पर हुआ। उसहैत के गांव नगरिया अभय निवासी ब्रजपाल (45) अपने बेटे इंटरमीडिएट के छात्र कौशल (22) के साथ अपनी बहन के घर जिला एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव राया में गमी की होली के चलते गए थे। जहां से वह दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। अटैना पुल के पास विपरीत दिशा से आई बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा बाइक सवार मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने कौशल को मृत घोषित कर दिया और ब्रजपाल को भर्ती कर लिया।

**लोडर वाहन की टक्कर से टेंपो चालक घायल**

**बिसौली :** कस्बा बगरैन क्षेत्र पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम लगभग छह बजे गांव धर्मपुर बिहारीपुर निवासी कैलाश पुत्र बिहारी लाल बिसौली और आंवला के बीच टेंपो चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। शनिवार को वह बगरैन से गुजर रहे थे। इसी दौरान लोडर वाहन से उनके टेंपो की भिड़ंत हो गई। चालक मय लोडर भाग गया।

न्यूज ब्रीफ

## चेयरमैन के निर्देश पर शुरू हुई कस्बे में साफ सफाई

संवाददाता, बिसौली, अमृत विचार : पालिकाध्यक्ष अबरार अहमद ने होली पर्व व रमजान के मद्देनजर नगर में साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश की व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। चेयरमैन के निर्देश मिलते ही सफाई कर्मचारियों ने पूरे नगर को क्लीन करने के लिए कमर कस ली है। पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में चेयरमैन अबरार अहमद ने कहा कि होली और रमजान के महीने में नगर को साफ स्वच्छ रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। पेयजल आपूर्ति व स्ट्रीट लाइट निर्बाध रूप से मिलना चाहिए। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही चेयरमैन ने मच्छरों से बचाव हेतु दवा छिड़काव के भी निर्देश दिए। कहा कि नगर वासियों की समस्याओं को नजरअंदाज करने वाले कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें। पालिकाध्यक्ष की चेतावनी के बाद कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई है। कर्मचारियों ने सफाई नायक राजेश वाल्मीकि के नेतृत्व में नगर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर सफाई कार्य को बखूबी अंजाम दिया। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु नालियों में दवा का छिड़काव भी किया गया।

## वकीलों को मिला आश्वासन, बहिष्कार स्थगित

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर 6 फरवरी से उपजिलाधिकारी न्यायालय में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जा रहा था। अधिवक्ताओं का कहना था कि लंबित समस्याओं के समाधान न होने के कारण यह निर्णय लिया गया था। जिला बार एसोसिएशन बदायूं के महासचिव संदीप कुमार मिश्रा एवं बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों के बाद प्रशासनिक स्तर पर वार्ता हुई। इस दौरान जिलाधिकारी तथा उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। प्रशासन की ओर से सकारात्मक पहल और आश्वासन मिलने के उपरांत बार एसोसिएशन ने जारी बहिष्कार को स्थगित करने की घोषणा की है। एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह और महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी समेत पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से नहीं हुआ तो आगे की रणनीति पर पुन: विचार किया जाएगा।

# मिलावटी दूध पीकर बिगड़ रही सेहत

## यूरिया सहित अन्य केमिकल के माध्यम से तैयार होता है दूध, करता है बीमार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सबसे अधिक दूध के 96 सैंपल आए हैं फेल, 25 लाख से मिलावटखोरों पर पड़ा है जुर्माना
- एडीएम कोर्ट से सजा मिलने के बाद भी सामने आ रहे हैं नए मामले

**अमृत विचार:** लोगों को सेहतमंद बनाने के नाम पर इन दिनों शहर सहित जनपद भर में डेयरी का संचालन किया जा रहा है। शुद्धता के नाम पर लोगों को मिलावटी दूध पिलाया जा रहा है। बिना किसी लाइसेंस के धड़ल्ले से दूध का काला कारोबार जारी है। यह लोग लोगों को दूध में यूरिया तथा अन्य केमिकल मिलाकर लोगों को पिला रहे हैं। जिससे उनकी सेहत बिगड़ रही है। यह हाल तब है जब प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार छापेमारी कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी लोग मिलावट करने से बाज नहीं आ रहे।

दूध संपूर्ण पौष्टिक आहार माना है। जिसके चलते उसकी हर घर में जरूरत रहती है। जिले में इन दिनों मिलावट का खेल हो रहा है। दूध कब जहर बनकर लोगों के सामने आ जाए, पता नहीं हैं। लेकिन मिलावटी दूध से सतर्क रहने की जरूरत है। स्थिति यह है कि इन दिनों होली और रमजान पर दूध व उससे बनीं वस्तुओं की बढ़ी मांग को लेकर मिलावटखोर सक्रिय हो गये हैं। स्थिति यह है कि दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, पानी और सिंथेटिक, स्टार्च समेत कई ऐसी चीजें मिलाई जा रही हैं। यह लोगों की सेहत के लिए काफी खतरनाक होते हैं। हर कोई दूध में होने वाली मिलावट को लेकर परेशान है लेकिन सही जानकारी न होने से वो सिंथेटिक या मिलावटी दूध और शुद्ध दूध के बीच पहचान नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण दूध में मिलावट का प्रतिशत और भी बढ़ जा रहा है। जिसकी गवाही खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़े भी दे रहे हैं। खाद्य विभाग के आंकड़े बता रहे हैं कि जिले भर से जनवरी से अब तक 426 सैंपल लिए गए। इनमें से 325 नमूने फेल आएं हैं। इनमें दूध के सैंपल फेल आने की संख्या सबसे अधिक हैं। 96 दूध के नमूने फेल आए हैं। इनके अलावा 26 पनीर और 82 दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ के सैंपल फेल आए हैं। मिलावट करने वालों पर एडीएम कोर्ट के द्वारा 20 लाख से अधिक का जुर्माना भी डाला है। वहीं 29 के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है।

### दूध में ऐसे की जाती है मिलावट



खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो थोड़े से दूध में लिक्विड वॉशिंग फैब्रिक डाला जाता है। जिससे दूध की मात्रा बढ़ जाती है। साथ ही उसमें फेन आ जाता है। इसके बाद नकली दूध में चिकनाहट लाने के लिए रिफाइंड ऑयल मिलाया जाता है। इसके बाद दूध को फेटा जाता है। जिससे तेल और डिटर्जेंट दूध में अच्छी तरह मिल जाएं। इसके बाद पानी में सिंथेटिक दूध में मिला दिया जाता है। इसके बाद दूध तैयार हो जाता है। इसी दूध को त्योहार के दिनों में खपाया जाता है। जोकि लोगों की सेहत पर भारी पड़ जाता है। जिससे लोग बीमार हो जाते हैं।

### असली नकली की ऐसे करें पहचान

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दूध असली है या नकली। जिसकी पहचान घर पर की जा सकती है। दूध में पानी की मिलावट देखने के लिए दूध की दो चार बूंदे एक स्लांटेड सरफेस पर टपकाइए। सतह पर जो ट्रेल बनेगी यदि वह सफेद है तो दूध मिलावटी नहीं है। यह ट्रेल पारदर्शी है तो समझा जाता है कि दूध में पानी मिलाया गया है। दूध में डिटर्जेंट है या नहीं, यह देखने के लिए बॉटल को शेक कीजिए। काफी झाग दिखे मतलब उसमें डिटर्जेंट है।

### यूरिया की ऐसे करें पहचान

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो टेस्ट ट्यूब में थोड़ा दूध और सोयाबीन या अरहर पाउडर मिलाएं। पांच मिनट बाद लाल लिटमस पेपर में डुबोएं। अगर पेपर का रंग नीला हो जाय तो यूरिया मिला है। ऐसे मिलावटी दूध और उससे बने खाद्य पदार्थ के सेवन से लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ता है।

> त्योहारों पर छापेमारी की जाती है। होली त्योहार को देखते हुए छापेमारी जारी है। दूध के सैंपल लिए जाते हैं। इनमें से अधिकांश सैंपल फेल आते हैं। जिन पर जुर्माना डाला जाता है। सिंथेटिक दूध की बिक्री करने वालों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा भी दायर किया जाता है।
>
> **-सीएल यादव**, सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा

## सूअर का शिकार करते वन विभाग ने पकड़े दो लोग

**बदायूं, अमृत विचार :** वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को जंगली सूअर का शिकार करने वाले लोगों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से एक मृत और दो जिंदा सुअर बरामद किया गया है। वन विभाग ने दोनो के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुक्रवार को स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने एआरटीओ कार्यालय से आगे जंगल में छापा मारा। जहां से लोगों को हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे एक मृत सूअर और दो जिंदा सूअर पकड़े गए। वन विभाग की टीम ने उक्त लोगों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया साथ ही दोनो के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पकड़े गए जिंदा सूअरों को जंगल में छोड़ दिया गया जबकि मृत सूअर को जमीन में दवा दिया गया।

डीएफओ निधि चौहान ने बताया कि घटना शुक्रवार की है। जो लोग सूअरों का शिकार करते पकड़े गए थे वह अमरोहा के बताए गए हैं। दोनो को पुलिस हिरासत में दे दिया गया है। जीवित सूअर जंगल में छोड़ दिए गए और मृत सूअर को गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। बताया कि कुछ बाहरी लोग इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाती है।

# ट्यूबवेलों से चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं

संवाददाता, कुंवरगांव



ट्यूबवेल से चोरी की जानकारी देता किसान।

- चोरों ने छह किसानों के नलकूपों को बनाया निशाना

**अमृत विचार :** कस्बा कुंवरगांव से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चोरियां कर रहा है। जिससे ग्रामीणों ने दहशत का माहौल है। अब तक चोरों ने अलग-अलग स्थानों से दर्जनों चोरियां की। किसानों ने तहरीर दी लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही खुलासा किया गया है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। अब चोरों ने कस्बा निवासी मोहम्मद नवी, घनेंद्र पाल सिंह, विजेंद्र पाल सिंह और गांव औरंगाबाद खालसा के हेतराम, कुंवरपाल, ओमप्रकाश के ट्यूबवैल से स्टार्टर, केबल, पानी का पाइप सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। एक बार फिर किसानों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### इनकी नहीं लिखी रिपोर्ट

चोरों ने 10 दिसंबर को गांव निनमा के संदीप की पशुशाला से भैंस चोरी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की लेकिन खुलासा नहीं हुआ। 11 जनवरी को झबरा पुलिया के पास दिनेश गुप्ता की आढ़त से 20 बोरी धान चोरी हुआ। कस्बा के मुख्य चौराहे पर डब्लू के खोखा काटा गया। गांव सिगोई में जल जीवन मिशन की टंकी से तीन बैटरी और 20 जनवरी को गांव यूसुफ नगर में पूर्व प्रधान शमसुद्दीन के बंद मकान से चोरी की गई। 16 फरवरी को गांव दुगरैया निवासी चमन के घर से चोरी हुई। आरोप है कि पुलिस ने चोर पकड़कर छोड़ दिया। अगले दिन गांव प्रहलादपुर के आधा दर्जन किसानों के नलकूप से स्टार्टर, केबल और पानी का पाइप चोरी कर लिया गया। फिर 18 फरवरी को गांव हसनपुर में शनि देव मंदिर के ताले तोड़कर पीतल के घंटे, दानपात्र और 20 फरवरी को गांव हरिनगला व बाबट के आधा दर्जन किसानों के नलकूप से चोरी हुई। चोरियों से किसान परेशान हैं।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने भंडारे में चखा प्रसाद



लोगों को प्रसाद बांटते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने ब्लॉक परिसर में शनिवार को भंडारे का आयोजन कराया। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने प्रसाद ग्रहण किया। उनके साथ ही हजारों लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। विक्रांत यादव ने बताया इस भंडारे का आयोजन स्वर्गीय शांति देवी मां की याद में कराया गया है। विक्रांत यादव द्वारा यह भंडारा प्रत्येक माह कराया जाता है, जिसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस भंडारे में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव,कछला चेयरमैन जगदीश सिंह, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह, विभाग प्रचारक बदायूं, सौरभ गुप्ता अबीर सक्सेना, अंकित सक्सेना, शिव यादव, तूफान सिंह सौरभ महेश्वरी अवढर शर्मा, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया टीकाकरण का आरंभ

- जिला महिला अस्पताल में हुआ कार्यक्रम, किशोरियों को आज से लगेगी सर्वाइकल की वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



कार्यक्रम में मौजूद सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा किशोरियों के सर्वाइकल कैंसर के उपचार को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। यहां पर जिला महिला अस्पताल में सीएमओ और भाजपा नेता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला महिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारतेंदु पाठक व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 14 साल की किशोरियों को सर्वाइकल का निशुल्क उपचार शुरू किया गया है। इसके लिए 14 साल तक की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। आज से उक्त कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग अपने अस्पतालों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किशोरियों को वैक्सीन लगाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि केंद्र सरकार महिला शक्ति को निशुल्क उपचार दे रही है। किशोरियों में इस तरह की बीमारियां अधिक पनपती हैं इसलिए सरकार ने आज से यह अभियान शुरू किया है। इस मौके पर सीएमएस डा. शोभा अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मोहन झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मोहम्मद असलम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निरंजन सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद तहसीन,डा. राजवीर सिंह, डा. पवन जायसी, डा. गौरा मोहम्मद, सुधा देवी, अरविंद राना, उमेश राठौर अभय प्रताप सिंह सहित अनेक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएचसी और पीएचसी पर लगेगी वैक्सीन

जनपद में सभी पन्द्रह सीएचसी पर प्रतिदिन किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्टाफ नर्स और एएनएम को लगाया गया है। प्रतिदिन की रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय को दी जाएगी जिससे शासन को उक्त कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी आज से ही वैक्सीन लगाने का काम शुरू हो गया है।

## आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराए बाइक सवार की मौत

**संवाददाता, वजीरगंज,अमृत विचार :** होली की त्यौहार के लिए खरीदारी करके कस्बा वजीरगंज से अपने घर जा रहे बाइक सवार को आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली ने अपनी चपेट पर ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

बाइक पर बैठी पत्नी गनीमत रही बच गईं। कस्बा वजीरगंज के मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से चल रही आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गांव इटौआ निवासी नेत्रपाल पुत्र सोमपाल की मौत हुई जबकि उनकी पत्नी बच गईं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक को वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बच्चों और शिक्षकों ने खेली होली, एक दूसरे को लगाया गुलाल

- आरबी इंटर कॉलेज में मनाया होली का पर्व

संवाददाता, वजीरगंज



होली खेलने के दौरान मौजूद कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बा वजीरगंज स्थित आरबी इंटर कॉलेज में सद्भावना, भाईचारे और उल्लास का प्रतीक पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। आचार्य सत्य प्रकाश शर्मा और व्यवस्थापक कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता की भावना को प्रबल करना रहा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन ने त्यौहार शालीनता व मर्यादा के साथ मनाने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।



### हर्बल रंगों संग स्कूली बच्चों ने खेली होली

